लोक शिक्षण संचालनालय

छत्तीसगढ़

प्रथम तल, खण्ड-सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर

फोन नम्बर- 0771-2331385, फैक्स नम्बर-0771-2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com

क्रमांक/ESTB-101(2)/52/2025/263 नवा रायपुर, दिनांक 19/11/2026

सामान्य निर्देश

स्पेशल एजुकेटर भर्ती 2026

लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक/ESTB-101(2)/52/2025/258 अटल नगर, दिनांक 16/11/2026 द्वारा स्पेशल एजुकेटर के 38 पदों पर सीधी भर्ती हेतु संक्षिप्त विज्ञापन जारी किया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों हेतु सामान्य निर्देश इस प्रकार है :–

1. आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभिक तिथि – **20.11.2026 (शुक्रवार)**
2. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि – **04.12.2026 (शुक्रवार) सायं 05:00 बजे तक**
3. आवेदन जमा करने का पता –

   कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक,

   शिक्षा संभाग – बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर एवं सरगुजा
4. आवेदन जमा करने का माध्यम – व्यक्तिगत अथवा पंजीकृत डाक से

महत्वपूर्ण टीप :–

1. आवेदन पत्र समस्त कार्यालयीन दिवस में सुबह 10:00 से सायं 05:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन निर्धारित पते पर ही स्वीकार किये जायेंगे अन्य कार्यालयों में प्रस्तुत आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. आवेदकों को प्रत्येक जिले अथवा संभाग में विज्ञापित पद के विरूद्ध पृथक–पृथक आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। एक ही आवेदन पत्र सभी जिलों/संभाग में विज्ञापित रिक्तियों के लिये मान्य किये जायेगें।
4. विज्ञापित पदों की शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य निर्देश विस्तृत विज्ञापन में देखे जा सकते है।
5. आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार किया जायेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप विस्तृत विज्ञापन में संलग्न है।

6. आवेदन पत्र अमान्य होने, मेरिट सूची तथा चयन प्रक्रिया संबंधी अन्य सभी निर्देश विभाग की वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in/ पर समय–समय पर जारी किये जायेंगे। इस संबंध में अभ्यर्थियों से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जायेगा।

7. अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे विस्तृत विज्ञापन का भली–भांति अवलोकन कर निर्धारित अर्हता धारण करने पर ही आवेदन करें।

संलग्न :– विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र प्रारूप

संचालक
लोक शिक्षण छत्तीसगढ़